जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

17 फरवरी 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया को आईएपी सम्मेलन, अहमदाबाद में 'सर्वश्रेष्ठ फिजियोथेरेपी कॉलेज और कैंपस प्लेसमेंट का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज' पुरस्कार**

द सेंटर फॉर फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन साइंसेज (CPRS), जामिया मिलिया इस्लामिया (JMI) ने 11-12 फरवरी, 2023 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (IAP) के 60वें अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन में "बेस्ट फिजियोथेरेपी कॉलेज: नॉर्थ ज़ोन एंड बेस्ट कॉलेज फॉर कैंपस प्लेसमेंट" पुरस्कार प्राप्त किया। सम्मेलन का केंद्रीकृत विषय "फिट इंडिया के लिए कसरत" था।

डॉ. ज़ुबिया विकार, एसोसिएट प्रोफेसर, सीपीआरएस, जामिया ने केंद्र और जामिया की ओर से सम्मान प्राप्त किया। डॉ. ज़ुबिया विकार, जो IAP दिल्ली ब्रांच की महासचिव भी हैं, उन्हें इस क्षेत्र में उनके पेशेवर और सराहनीय कार्य के लिए सर्वोच्च IAP फेलोशिप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह फेलोशिप पुरस्कार कठोर विश्लेषण के आधार पर समग्र शैक्षणिक और अनुसंधान विशेषज्ञता के लिए IAP द्वारा फिजियोथेरेपी क्षेत्र में प्रतिवर्ष दिया जाता है।

डॉ. विकार ने अपनी पेशेवर उत्कृष्टता से केंद्र और जामिया का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा, IAP दिल्ली राज्य को व्यापक पैमाने पर विभिन्न नैदानिक, शैक्षणिक और अनुसंधान आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से पेशे के उत्थान में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार दिया गया।

सम्मेलन की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ हुई, जिसमें श्री भूपेंद्र रजनीकांत पटेल, गुजरात राज्य के माननीय मुख्यमंत्री, श्री जगदीश विश्वकर्मा (MOS), प्रो एम्मा स्टोक्स, अध्यक्ष, विश्व फिजियोथेरेपी और डॉ जॉनथन क्रूगर, सीईओ, वर्ल्ड फिजियोथेरेपी की उपस्थिति थी।

माननीय प्रधानमंत्री ने सांत्वना देने, आशा जगाने और सुधार लाने वाले व्यक्ति के रूप में फिजियोथेरेपिस्ट के महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने कहा- एक फिजियोथेरेपिस्ट, न केवल शारीरिक की चोट का इलाज करता है बल्कि रोगी को मनोवैज्ञानिक चुनौतियों से निपटने का साहस भी देता है।

सम्मेलन में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए पारंपरिक भारतीय व्यायाम व्यवस्था की वैज्ञानिक खोज जैसे विभिन्न विषयों पर अपना बहुमूल्य ज्ञान साझा किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया